पायो निधि राम नाम

पायो निधि राम नाम, पायो निधि राम नाम ।
सकल शांति सुख निधान, सकल शांति सुख निधान ॥
पायो निधि राम नाम...

सुमिरन से पीर हरै, काम क्रोध मोह जरै ।
आनंद रस अजर झरै, होवै मन पूर्ण काम ॥
पायो निधि राम नाम...

रोम रोम बसत राम, जन जन में लखत राम ।
सर्व व्याप्त ब्रह्म राम, सर्व शक्तिमान राम ॥
पायो निधि राम नाम...

ज्ञान ध्यान भजन राम, पाप ताप हरण नाम ।
सुविचारित तथ्य एक, आदि मध्य अंत राम ॥
पायो निधि राम नाम...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1362/title/payo-nidhi-ram-naam-sakal-shanti-sukh-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |